"(2) खंड (क) और (ख) में उल्लिखित प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए तथा उप-पैरा (1) के खंड (ग) में उल्लिखित अर्हक परीक्षाओं के लिए नियम वही होंगे जो गृह मंत्रालय में भारत सरकार द्वारा बनाये गये विनियम निर्धारित करेंगे तथा इन परिक्षाओं के परिणामों के आधार पर उम्मीदवारों का विभिन्न काडरों को आवंटन भी उसी मंत्रालय द्वारा किया जाएगा ।" ;

(iv) पैरा 3 के उप-पैरा (2) के पश्चात् निम्नलिखित उप-पैरा अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात :—

"(3) उप-पैरे (1) तथा (2) में समाविष्ट किसी बात के रहते भी उपयुक्त पैरा 2 के उप-पैरा (1) के प्रथम परन्तुक के खंड (ग) में विनिर्दिष्ट श्रेणी के अन्तर्गत आने वाले व्यक्तियों की ज्येष्ठता वही होगी जो गृह मंत्रालय में भारत सरकार द्वारा आयोग के परामर्श से नियत की जाएगी ।"

[सं० 16/3/70–के० से०–2]

**G.S.R. 1086.**—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution and all other powers enabling him in this behalf, the President hereby makes the following rules further to amend the Central Secretariat Clerical Service Rules, 1962, namely,—

1. (1) These rules may be called the Central Secretariat Clerical Service (Third Amendment) Rules, 1970.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Central Secretariat Clerical Service Rules, 1962,—

(i) for the existing second proviso under the sub-paragraph (a) under the sub-heading "(II) Temporary Officers" under the heading "II-Lower Division Grade" in sub-rule (3) of rule 17, the following proviso shall be substituted, namely:—

"Provided further that the seniority of persons recruited through the competitive examinations held by the Commission in whose cases offers of appointment are revived after being cancelled and those appointed on

regular basis under the proviso to clause (b) of sub-rule (1) of rule 12 shall be such as may be determined by the Central Government in the Ministry of Home Affairs in consultation with the Commission.";

(ii) after rule 24, the following new rules shall be inserted, namely:—

"24-A. *Power to relax.*—Where the Central Government is of opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order, for reasons to be recorded in writing and in consultation with the Commission relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons or posts."

[No. 8/40/69-CS.II.]

**सा० फा० नि० 1086**.—राष्ट्रपति संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों तथा इस सम्बन्ध में उन्हें समर्थ करने वाली सभी अन्य शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा नियम, 1962 में और अधिक संशोधन करने के लिए एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात :—

1. (1) ये नियम केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा (तीसरा संशोधन) नियम, 1970 कहे जा सकेंगे ।

(2) ये शासकीय राजपत्र में अपने प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा नियम, 1962 में,—

(i) नियम 17 के उपनियम (3) में शीर्ष "II—निम्न श्रेणी ग्रेड' के अन्तर्गत उप-शीर्ष "(ii) अस्थायी अधिकारियों के अधीन उपबंध (क) के अन्तर्गत विद्यमान द्वितीय परन्तुक के स्थान पर निम्नलिखित परन्तुक प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"परन्तु यह और भी कि आयोग द्वारा ली गई प्रतियोगिता परीक्षाओं के माध्यम से भर्ती किये गये उन व्यक्तियों की जिनके मामलों में नियुक्ति प्रस्ताव रद्द किये जाने के बाद पुनः प्रचलित कर दिये जाएं, तथा नियम 12 के उप-नियम (1) के खण्ड (ख) के परन्तुक के अन्तर्गत नियमित आधार पर नियुक्त किये गये व्यक्तियों की ज्येष्ठता वही होगी जो गृह मंत्रालय में केन्द्रीय सरकार द्वारा आयोग के परामर्श से निर्धारित की जायगी ।" ;

(ii) नियम 24 के पश्चात निम्नलिखित नया नियम अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात :—

"24-क. **नियम शिथिल करने की शक्ति** :—जहां कि केन्द्रीय सरकार का विचार है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह ऐसे कारणों से, जो लेखन द्वारा अभिलिखित किये जाएंगे तथा आयोग के परामर्श से व्यक्तियों अथवा पदों के किसी भी वर्ग या प्रवर्ग की बाबत इन नियमों के किसी भी उपबन्ध को आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी ।"

[सं 8/40/69-के०से०-II]

*New Delhi, the 18th July 1970*

**G.S.R. 1087.**—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution and all other powers enabling him in this behalf, the President hereby makes the following rules further to amend the Central Secretariat Stenographers Service Rules, 1969, namely:—

1. (1) These rules may be called the Central Secretariat Stenographers Service (Amendment) Rules, 1970.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Central Secretariat Stenographers Service Rules, 1969,—

(i) The proviso to sub-rule (1) of rule 12 shall be omitted;

(ii) in clause (i) under the heading "II-Grade II" in sub-rule (5) of rule 19, the second sentence beginning with the words "Direct Recruits appointed" and ending with the words "a later examination' shall be omitted.

(iii) to sub-para (1) of para 3 of the Fifth Schedule, the following proviso shall be added, namely:—

"Provided that the seniority of persons recruited through the competitive examinations held by the Commission in whose cases offers of appointment are revived after being cancelled shall be such as may be determined by the Central Government in the Ministry of Home Affairs in Consultation with the Commission".

[No. 8/40/69-CS.II.]

P. L. GUPTA, Dy. Secy.

नई दिल्ली, 18 जुलाई, 1970

**सा० का० नि० 1087** :—राष्ट्रपति संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों तथा इस सम्बन्ध में उन्हें समर्थ करने वाली सभी अन्य शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा नियम 1969 में और अधिक संशोधन करने के लिए एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाते हैं; अर्थात :—

1. (1) ये नियम केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा (संशोधन) नियम, 1970 कहे जा सकेंगे ।

(2) ये शासकीय राजपत्र में अपने प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा नियम, 1969 में,

(i) नियम 12 के उपनियम (1) का परन्तुक लुप्त कर दिया जायगा ;

(ii) नियम 19 के उपनियम (5) में शीर्ष "2—श्रेणी—2" के अन्तर्गत खण्ड (i) में, "किसी कार्डर में अभिस्थायी रिक्तियों में" शब्दों से आरम्भ होने वाला तथा "रैंक में ज्येष्ठ होंगे" शब्दों के साथ समाप्त होने वाला दूसरा वाक्य लुप्त किया जाएगा ।

(iii) पांचवी अनुसूची के पैरा 3 के उपपैरा (1) के साथ निम्नलिखित परन्तुक जोड़ दिया जाएगा, अर्थात :—

"परन्तु आयोग द्वारा ली गई प्रतियोगिता परीक्षाओं के माध्यम से भर्ती किये गये उन व्यक्तियों की ज्येष्ठता, जिनके मामलों में नियुक्त प्रस्ताव रद्द किये जाने

के बाद पुन: प्रचलित किये जायें, वही होगी जो गृह मंत्रालय में केन्द्रीय सरकार द्वारा आयोग के परामर्श से निर्धारित की जाएगी ।"

[सं० 8/40/69–के०से० II]

पी० एल० गुप्ता, उप सचिव ।

## ORDERS

*New Delhi, the 11th July* 1970

**G.S.R. 1088.**—In pursuance of clause (22) of article 366 of the Constitution of India, the President is hereby pleased to recognise Maharaja Bharat Chandra Bhanj Deo Kakatiya as the Ruler of Bastar with effect from 12th April 1970 in succession to late Maharaja Vijay Chandra Bhanj Deo Kakatiya.

[No. F. 5/7/70-Poll-III.]

## आदेश

नई दिल्ली, 11 जुलाई, 1970

**जी० एस० आर० 1088**:–भारत के संविधान के अनुच्छेद 366 की धारा (22) के अनुसार राष्ट्रपति जी इस आदेश के द्वारा महाराजा भरत चन्द्र भंजदेव काकतिय को 12 अप्रेल, 1970 से स्वर्गीय महाराजा विजय चन्द्र भंजदेव काकतिय के स्थान पर बस्तर के शासक के रूप में सहर्ष मान्यता प्रदान करते हैं ।

[संख्या 5/7/70–पोलिटिकल–3]

*New Delhi, the 12th July* 1970

**G.S.R. 1089.**—In pursuance of clause (22) of article 366 of the Constitution of India, the President is hereby pleased to recognise Lt. Col. His Highness Raj Rajindra Sri Maharajadhiraja Sawai Bhawani Singhji Bahadur as the Ruler of Jaipur with effect from 24th June 1970 in succession to late Lt. General His Highness Raj Rajindra Sri Maharajadhiraja Sawai Sir Man Singhji Bahadur.

[No. F. 10/9/70-Poll-III.]

L. P. SINGH, Secy.

नई दिल्ली, 12 जुलाई, 1970

**सा० का० नि० 1089** :–भारत के संविधान के अनुच्छेद 366 की धारा (22) के अनुसार राष्ट्रपति जी इस आदेश के द्वारा लेफ्टिनेंट कर्नल महामान्य राज राजेन्द्र श्री महाराजाधिराज सवाई भवानीसिंह जी बहादुर को 24 जून, 1970 से स्वर्गीय लफ्टिनेंट जनरल महामान्य राज राजेन्द्र श्री महाराजाधिराज सवाई सर मानसिंह जी बहादुर के स्थान पर जयपुर के शासक रूप में सहर्ष मान्यता प्रदान करते हैं ।

[संख्या 10/9/70–पोलिटिकल–3]

ल० प्र० सिंह, सचिव

## PLANNING COMMISSION

*New Delhi, the 29th May 1970*

**G.S.R. 1090.**—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules regulating the method of rercuitment to the post of Chief Librarian in the Planning Commission, namely:—

1. **Short Title and Commencement.**—(1) These rules may be called the Planning Commission (Chief Librarian) Recruitment Rules, 1970.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette

2. **Application.**—These rules shall apply to the post as specified in column 2 of the Schedule annexed hereto.

3. **Number, classification and scale of pay.**—The number of post, its classification and the scale of pay attached thereto shall be as specified in columns 3 to 5 of the said Schedule.

4. **Method of recruitment, age limit and other qualifications.**—The method of recruitment to the said post age limit, qualifications and other matters connected therewith shall be as specified in columns 6 to 14 of the Schedule aforesaid:

Provided that the upper age limit prescribed in column 7 of the said Schedule for direct recruitment may be relaxed in the case of candidates belonging to the Scheduled Castes, Scheduled Tribes and other special categories of persons in accordance with the orders issued from time to time by the Central Government.

5. **Disqualifications.**—(a) No person, who has more than one wife living or who having a spouse living, marries in any case in which such marriage is void by reason of its taking place during the life time of such spouse, shall be eligible for appointment to the said post; and

(b) No woman, whose marriage is void by reason of the husband having a wife living at the time of such marriage, or who has married a person, who has a wife living at the time of such marriage, shall be eligible for appointment to the said post.

Provided that the Central Government may, if satisfied that there are special grounds for so ordering, exempt any person from the operation of this rule.

6. **Power to relax.**—Where the Central Government is of opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order, for reasons to be recorded in writing, and in consultation with the Union Public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons/or the post.

THE SCHE

*Recruitment Rules for the Post of Chief*

| Sl. No. | Name of the post | Number of posts | Classification | Scale of pay | Whether a selection post or not | Age limit for direct recruits | Educational and other qualifications required |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Chief Librarian | One | General Central Service Class I | Rs. 820—40—1100 50/2—1150. | Not applicable | Not exceeding 40 years (Relaxable for Government Servants) | *Essential*<br>(*i*) Master's degree of a recognised University in any of the Social Sciences.<br>(*ii*) Degree in Library Science of a recognised University or Institute.<br>(*iii*) About 8 years experience in a responsible capacity in a Library of standing.<br>(Qualifications relaxable at Commission's discretion in the case of candidates otherwise well-qualified).<br>*Desirable*<br>Post- graduate degree in Library Science |

DULE

*Librarian in the Planning Commission*

| Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of Promotees | Period of Probation | Method of recruitment whether by direct recruitment or by promotion or by deputation/ transfer & percentage of the vacancies to be filled by various methods. | In case of recruitment by promotion/ deputation/ transfer, grades from which promotion/deputation/ transfer to be made. | If a D.P. C. exists, what is its composition. | Circumstances in which U.P.S.C. is to be consulted in making recruitment |
|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| Not applicable | Two years. | Direct Recruitment | Not applicable. | Not applicable | As required under the Union Public Service Commission (Exemption from Consultation) Regulations, 1958. |

[No. F. 4(14)/69-Adm.I.]

## योजना आयोग

नई दिल्ली, 29 मई, 1970

**जी० एस० आर० 1090**.—संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति योजना आयोग में मुख्य पुस्तकाध्यक्ष के पद पर भर्ती की पद्धति को विनियमित करने वाले निम्नलिखित नियम एतद्द्वारा बनाते हैं, अर्थात :—

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ**.—(1) ये नियम योजना आयोग (मुख्य पुस्तकाध्यक्ष) भर्ती नियम, 1970 कहे जा सकेंगे ।

(2) ये शासकीय राजपत्र में अपने प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त हो जाएंगे ।

2. **लागू होना**.—ये नियम इससे उपबद्ध अनुसूची के स्तम्भ 2 में विनिर्दिष्ट पद को लागू होंगे ।

3. **संख्या, वर्गीकरण और वेतनमान**.—पद की संख्या, उसका वर्गीकरण और उससे संलग्न वेतनमान वे होंगे जो इससे उपबद्ध उक्त अनुसूची के स्तम्भ 3 से लेकर 5 तक में विनिर्दिष्ट हैं ।

4. **भर्ती की पद्धति, आयु सीमा और अन्य अर्हताएं**.—उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हताएं और उनसे सम्बद्ध अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के स्तम्भ 6 से लेकर 14 तक में विनिर्दिष्ट हैं :

परन्तु अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों और अन्य विशेष व्यक्ति प्रवर्गों के अभ्यर्थियों की दशा में, सीधी भर्ती के लिए उक्त अनुसूची के स्तम्भ 7 में विहित उच्चतम आयु सीमा समय-समय पर निकाले गए केन्द्रीय सरकार के आदेशों के अनुसार, शिथिल की जा सकेगी ।

5. **निर्हताएं**.— (क) वह व्यक्ति उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा जिसकी एक से अधिक पत्नियां जीवित हैं या जो एक पत्नी के जिवित रहते हुए किसी ऐसी दशा में विवाह करता है जिसमें ऐसा विवाह इस कारण शून्य है कि वह ऐसी पत्नी के जीवन काल में होता है ।

(ख) वह स्त्री उक्त पद पर नियुक्ति की पात्र नहीं होगी जिसका विवाह इस कारण शून्य है कि उस विवाह के समय उस के पति की पत्नी जीवित थी या जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया है जिसकी पत्नी उस विवाह के समय जीवित थी :

परन्तु केन्द्रीय सरकार, यह समाधान हो जाने पर कि किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट देने योग्य विशेष आधार हैं, आदेश दे सकेगी, कि उसे छूट दी जाए ।

6. **शिथिल करने की शक्ति** .—जहां केन्द्रीय सरकार की राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है,वहां वह उन कारणों से जो लेखबद्ध किए जायेंगे, और संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके आदेश द्वारा व्यक्तियों के किसी वर्ग या प्रवर्ग या पद के बारे में इन नियमों के उपबन्धों में से किसी को भी शिथिल कर सकेगी ।

## अनुसूची

योजना आयोग में मुख्य पुस्तकाध्यक्ष पद के लिये भर्ती नियम

| क्रम संख्या | पद का नाम | पदों की संख्या | वर्गीकरण | वेतनमान | प्रवरण पद अथवा नहीं | सीधी भर्ती वालों के लिए आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | मुख्य पुस्तकाध्यक्ष | एक | साधारण केन्द्रीय सेवा वर्ग | 820–40–1100–50/2–1150 रू० | लागू नहीं होता | 40 वर्ष से अधिक नहीं (सरकारी सेवकों के लिए शिथिल की जा सकती है) |

| अपेक्षित शैक्षिक तथा अन्य अर्हताएं | क्या सीधी भर्ती वालों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नति की दशा में लागू होंगी | परिवीक्षा की कालावधि | भर्ती की पद्धति, क्या भर्ती सीधी होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रति-नियुक्ति/अन्तरण द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता |
|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 10 | 11 |
| **आवश्यक :**<br>(1) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय की किसी भी सामाजिक विज्ञान में, मास्टर की डिग्री ।<br>(2) किसी मान्यताप्राप्त विश्व-विद्यालय या संस्था की पुस्त-कालय विज्ञान में डिग्री ।<br>(3) ख्यातिप्राप्त पुस्तकालय में उत्तरदायित्वपूर्ण हैसियत में लगभग 8 वर्ष का अनुभव । (अन्यथा सुअर्हित अभ्यर्थियों की दशा में अर्हताएं आयोग के विवेकानुसार शिथिल की जा सकती है )<br>**वांछनीय :**<br>पुस्तकालय विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री । | लागू नहीं होता। | दो वर्ष | सीधी भर्ती |

| प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/ अन्तरण द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिन- से प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/ अन्तरण किया जाना है । | यदि विभागीय प्रोन्नति समिति विद्यमान है तो उसकी संरचना क्या है । | वे परिस्थितियां जिनमें भर्ती करने में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाना है । |
|---|---|---|
| 12 | 13 | 14 |
| लागू नहीं होना | लागू नही होता | संघ लोक सेवा आयोग (परामर्श से छूट) विनियम, 1958 के अधीन यथा अपेक्षित । |

[सं० फा० 4(14)/69-प्रशा० I.]

*New Delhi, the 3rd June 1970*

**G.S.R. 1091.**—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, and in supersession of the Planning Commission (Director, Power) Recruitment Rules, 1965, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Director, Power in the Planning Commission, namely:—

1. **Short title and commencement.**—(1) These rules may be called the Planning Commission (Director, Power) Recruitment Rules, 1969.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Application.**—These rules shall apply to the post specified in column 1 of the Schedule annexed hereto.

3. **Number, classification and scale of pay.**—The number of post, its classification and the scale of pay attached thereto shall be as specified in columns 2 to 4 of the said Schedule.

4. **Method of recruitment, age limit and other qualifications.**—The method of recruitment, age limit, qualifications and other matters connected therewith shall be as specified in columns 5 to 13 of the Schedule aforesaid.

5. **Disqualifications.**—(a) No person, who has more than one wife living or who, having a spouse living, marries in any case in which such marriage is void by reason of its taking place during the life time of such spouse, shall be eligible for appointment to the post; and

(b) No woman, whose marriage is void by reason of the husband having a wife living at the time of such marriage, or who has married a person who has a wife living at the time of such marriage, shall be eligible for appointment to the post:

Provided that the Central Government may, if satisfied that there are special grounds for so ordering, exempt any person from the operation of this rule.

6. **Power to relax.**—Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may by order, for reasons to be recorded in writing and in consultation with the Union Public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons/ the post.

THE SCHE

*Recruitment Rules for the Post of Director*

| Name of post | No. of posts | Classification | Scale of pay | Whether Selection Post or Non-Selection Post | Age for direct recruits | Educational and other qualifications required for direct recruits | Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of Promotees |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| Director (Power) | One | General Central Service Class I (Gazetted). | Rs. 1300—60—1600—100—1800. | Selection | Not applicable | Not applicable | Not applicable. |

RULE

(*Power*) *in the Planning Commission*

| Period of Probation | Method of Recruitment whether by direct rectt. or by promotion or by deputation/transfer & percentage of the vacancies to be filled by various methods | In case of recruitment by promotion/deputation/transfer, grades from which promotion/deputation/transfer to be made | If a D.P.C. exists, what is its composition | Circumstances in which U.P.S.C. is to be consulted in making rectt |
|---|---|---|---|---|
| 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 2 years | By transfer on deputation (including contract) or promotion, the selection being made in consultation with the Union Public Service Commission. | Transfer on deputation (including contract) or *promotion*. Officers from the Central Government/State Governments/Public Undertakings/State Electricity Boards of the rank of (*i*) Superintending Engineer, or (*ii*) Executive Engineer with 7 year's service in the grade, and having adequate design/planning and field experience; Joint Directors/Assitant Chiefs of the Planning Commission who hold the posts on a regular basis in the Power Division and have put in at least 5 years' total service in the two grades combined together, will also be considered. If a Joint Director/Assistant Chief is selected for appointment to the post, it will be treated as having been filled by promotion. (Period of deputation/contract—ordinarily not exceeding 3 years). | Class I Departmental Promotion Committee. | As required under the Union Public Service Commission (Exemption from Consultation) Regulations, 1958, read with the provisions under column 10. |

[No. F. 23(3)/69-Adm.I.]

D. DAS, Under Secy.

नई दिल्ली, 3 जून, 1970

सा० का० नि० 1091 संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और योजना आयोग (निदेशक, शक्ति) भर्ती नियम, 1965 को अधिक्रान्त करते हुए राष्ट्रपति, योजना आयोग में निदेशक, शक्ति के पद पर भर्ती की पद्धति को विनियमित करने वाले एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम, बनाते हैं : अर्थात:—

1 **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ** (1) ये नियम योजना आयोग (निदेशक, शक्ति) भर्ती नियम, 1969 कहे जा सकेंगे।

(2) ये शासकीय राजपत्र में अपने प्रशासन की तारीख को प्रवृत्त हो जाएंगे।

2 **लागू होना**—ये नियम इससे उपाबद्ध अनसूची के स्तम्भ 1 में विनिर्दिष्ट पद को लागू होंगे।

3 **वर्गीकरण और वेतनमान**.—पद की संख्या, उसका वर्गीकरण और उससे संलग्न वेतनमान वे होंगे जो उक्त अनुसूची के स्तम्भ 2 से लेकर 4 तक में विनिर्दिष्ट हैं।

4 **भर्ती की पद्धति आयु सीमा और अन्य अर्हताएं**.—भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हताएं और सम्बद्ध अन्य बातें वे होंगी जो उपर्युक्त अनसूची के स्तम्भ 5 से लेकर 13 तक में विनिर्दिष्ट हैं :—

5. **निरर्हताएं**: (क) वह व्यक्ति उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा जिसकी एक से अधिक पत्नियां जीवित हैं या जो एक पत्नी के जीवित रहते हुए किसी ऐसी दशा में विवाह करता है जिसमें ऐसा विवाह इस कारण शून्य है कि वह ऐसी पत्नी के जीवन काल में होता है; और

(ख) वह स्त्री उक्त पद पर नियुक्ति की पात्र नहीं होगी जिसका विवाह इस कारण शून्य है कि उस विवाह के समय उसके पति की पत्नी जीवित थी या जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया है जिसकी पत्नी उस विवाह के समय जीवित थी।

परन्तु केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाने पर कि इस नियम के प्रवर्तन से छूट देने योग्य विशेष आधार हैं तो वह आदेश दे सकेगी, कि उसे छूट दी जाए।

**6 शिथिल करने की शक्ति**——जहां केन्द्रीय सरकार की राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उन कारणों से जो लेखबद्ध किए जाएंगे और संघ लोक सेवा आयोग के परामर्श से आदेश द्वारा व्यक्तियों के किसी वर्ग या प्रवर्ग के बारे में इन नियमों के उपबन्धों में से किसी को भी शिथिल कर सकेगी।

| क्या पद का नाम | पदों की संख्या | वर्गीकरण | वेतन मान | प्रवरण पद अथवा अप्रवरण पद | सीधी भर्ती वालों के लिए आयु सीमा | सीधी भर्ती वालों के लिए अपेक्षित शैक्षिक अर्हताएं | क्या सीधी वालों के लिए आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नति की दशा में लाग होंगी । | परिवीक्षा की कला विहितवधि यदि कोई हो |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| निदेशक (शक्ति) | एक | साधारण केन्द्रीय, वर्ग सेवा-1 राजपत्रित | 1300-60-1690-100 1800 रु० | प्रवरण | लागू नहीं होता | लागू नहीं होता | लागू नहीं होता | दो वर्ष |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| भर्ती की पद्धति, क्या सीधी भर्ती होगी या प्रो० द्वारा या प्रतिनियुक्ति अन्तरण द्वारा, तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता। | प्रोन्नति / प्रतिनियुक्ति/अन्त-रण द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति/ प्रतिनियुक्ति/अन्तरण किया जाना है | यदि विभागीय प्रोन्नति समिति विद्यमान है तो उसकी संरचना क्या है। | वे परि स्थितियां जिनमें भर्ती करने में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाना है | | |
| 10 | 11 | 12 | 13 | | |
| प्रतिनियुक्ति पर अन्तरण/ द्वारा (इसमें संविदा भी सम्मिलित हैं) या प्रोन्नति द्वारा, संघ लोक सेवा आयोग के परामर्श से चयन करके। | प्रतिनियुक्त पर अन्तरण (इसमें संविदा भी सम्मिलित है।) या प्रोन्नति/केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकारों लोक उपक्रमों राज्य विद्युत् बोर्डों के (1) अधीक्षक इंजीनियर या (2) कार्यकारी इंजीनियर रैंक के अधिकारी जिनकी श्रेणी में 7 वर्ष की सेवा हो और जिन्हें डिजाइन/प्लानिंग और फील्ड का पर्याप्त अनुभव हो; योजना आयोग के उन संयक्त निदेशकों/ सहायक प्रधानों को भी विधारित किया जाएगा जो नियमित आधार पर शक्ति प्रभाग में पद धारण किये हुए हों और जिन्होंने दोनों श्रेणियों में कुल मिला कर न्यूनतम 5 वर्ष सेवा की हो। यदि कोई संयुक्त निदेशक/सहायक प्रधान इस पद परद पर नियुक्ति के लिए चयन कर लिया जाता है तो वह पद प्रोन्नति द्वारा भरा गया माना जाएगा (प्रतिनियुक्ति/ संविदा की कालावधि सामान्यतः 3 वर्ष से अनधिक होगी) | वर्ग विभागीय प्रोन्नति समिति | जैसा कि स्तम्भ 10 के अन्तर्गत उपबन्ध के साथ गठित संघ लोक सेवा आयोग (परामर्श से छूट) विनियम, 1958 के अधीन अपेक्षित है। | | |

[सं० फा० 23(3)/69-प्रशा]
डी० दास, अवर सचिव।

## MINISTRY OF FINANCE

### (Department of Revenue and Insurance)

CUSTOMS AND CENTRAL EXCISE

*New Delhi, the 25th July 1970*

**G.S.R. 1092.**—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of section 75, read with sub-section (3) of section 160, of the Customs Act, 1962 (52 of 1962) and section 37 of the Central Excises and Salt Act, 1944 (1 of 1944), the Central Government hereby makes the following rules further to amend the Customs and Central Excise Duties Export Drawback (General) Rules, 1960, namely:—

1. These rules may be called the Customs and Central Excise Duties Export Drawback (General) 47th Amendment Rules, 1970.

2. In the Customs and Central Excise Duties Export Drawback (General) Rules, 1960:—

(a) in the First Schedule, after Serial No. 122 and the entries relating thereto, the following shall be inserted, namely:—

"123. Polystrene Film Capacitors Rs. 32.70 per kg".

(b) In the Second Schedule, for Serial No. 116 and the entries relating thereto, the following shall be substituted, namely:—

"116. Capacitors all types excepting Polystrene Film Capacitors".

[No. 54/F.No.116/1/69-DBK.]

---

## वित्त मंत्रालय

### (राजस्व और बीमा विभाग)

सीमा शुल्क और केन्द्रीय उत्पाद शुल्क

नई दिल्ली, 25 जुलाई 1970

**सा० का० नि० 1092.**—सीमा शुल्क अधिनियम 1962 (1962 का 52) की धारा 160 की उपधारा (3) के साथ पठित धारा 75 की उपधारा (2) और केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और नमक अधिनियम, 1944 (1944 का 1) की धारा 37 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार, सीमा शुल्क और केन्द्रीय उत्पाद शुल्क निर्यात वापसी (साधारण) नियम, 1960, में और आगे संशोधन करने के लिए एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात :—

(1) ये नियम सीमा शुल्क और केन्द्रीय उत्पाद-शल्क निर्यात वापसी (साधारण) 47वां संशोधन नियम, 1970 कहे जा सकेंगे ।

(2) सीमा शुल्क और केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क निर्यात वापसी (साधारण) नियम, 1960 में

(क) प्रथम अनुसूची में, क्रम सं० 122 और उनसे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित अन्तः स्थापित किया जाएगा, अर्थात :—

"123 पोलिस्ट्रीन फिल्म संचारित्र 32.70 रु० प्रति किलोग्राम;"

(ख) द्वितीय अनसूची में, क्रम सं० 116 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात :—

" 116. पोलिस्ट्रोन फिल्म संचारित्रों को छोड़ कर सभी प्रकार के संचारित्र "

[सं० 54/एफ० सं० 116/1/69—डी०बी०के०]

**G.S.R. 1093.**—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of section 75, read with sub-section (3) of section 160, of the Customs Act, 1962 (52 of 1962) and section 37 of the Central Excises and Salt Act, 1944 (1 of 1944), the Central Government hereby makes the following rules further to amend the Customs and Central Excise Duties Export Drawback (General) Rules, 1960, namely:—

1. These rules may be called the Customs and Central Excise Duties Export Drawback (General) 48th Amendment Rules, 1970.

2. In the First Schedule to the Customs and Central Excise Duties Export Drawback (General) Rules, 1960, for Serial No. 17 and the entries relating thereto, the following shall be substituted, namely:—

"17. Chrome Leather Washers, All sorts. | Rs. 819.00 per tonne"

[No. 55/F.No. 600/24/70-DBK.]

**स० का० नि० 1093.**—सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 (1962 का 52) की धारा 160 की उपधारा (3) के साथ पठित धारा 75 की उपधारा (2) और केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और नमक अधिनियम, 1944 (1944 का 1) की धारा 37 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार, सीमा शुल्क और केन्द्रीय उत्पाद शुल्क निर्यात वापसी (साधारण) नियम, 1960, में और आगे संशोधन करने के लिए एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात :—

1. ये नियम सीमा शुल्क और केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क निर्यात वापसी (साधारण) 48 वां संशोधन नियम, 1970 कहे जा सकेंगे ।

2. सीमा शुल्क और केन्द्रीय उत्पाद शुल्क निर्यात वापसी (साधारण) नियम, 1960 की प्रथम अनुसूची में, क्रम सं० 17 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित प्रति-स्थापित किया जायेगा, अर्थात :—

"17 सभी प्रकार के क्रोम चमड़े के वाशर | 819.00 रु० प्रति टन ।"

[सं० 55/एफ० सं० 600/24/70-डी०बी०के०]

**G.S.R. 1094.**—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of section 75, read with sub-section (3) of section 160, of the Customs Act, 1962 (52 of 1962) and section 37 of the Central Excises and Salt Act, 1944 (1 of 1944), the Central Government hereby makes the following rules further to amend the Customs and Central Excise Duties Export Drawback (General) Rules, 1960, namely:—

1. These rules may be called the Customs and Central Excise Duties Export Drawback (General) 49th Amendment Rules, 1970.

2. In the Customs and Central Excise Duties Export Drawback (General) Rules, 1960:—

(a) in the First Schedule, after Serial No. 123 and the entries relating thereto, the following shall be inserted, namely:—

"124. Glass fibre reinforced polyesters and manufactures including helmets. | 45 per cent of the F.O.B. value."

(b) in the Second Schedule, Serial No. 163 and the entry relating thereto shall be omitted.

[No. 56/F.No.163/1/69-DBK.]

V. R. SONALKAR, Dy. Secy.

सा० का० नि० 1094.—सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 (1962 का 52)की धारा 160 की उपधारा (3) के साथ पठित धारा 75 की उपधारा (2) और केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और नमक अधिनियम, 1944 (1944 का 1) की धारा 37 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार, सीमा शुल्क और केन्द्रीय उत्पाद शुल्क निर्यात वापसी (साधारण) विनियम, 1960, में और आगे संशोधन करने के लिए एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात :—

(1) ये नियम सीमा शुल्क और केन्द्रीय उत्पादन्शुल्क निर्यात वापसी (साधारण 49 वां संशोधन) नियम, 1970 कहे जा सकेंगे ।

(2) सीमा शुल्क और केन्द्रीय उत्पाद शुल्क निर्यात वापसी (साधारण) नियम, 1960 में—

(क) प्रथम अनुसूची में, क्रम सं० 123 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात निम्नलिखित अन्तः स्थापित किया जाएगा, अर्थात :—

"124 कांच तंतु प्रबलित पालिएस्टर और पोत पर्यन्त निशुल्क मूल्य का 4.5%" विनिर्मितियां जिन में हैल्मेट सम्मिलित हैं

(ख) द्वितीय अनसूची में, क्रम सं० 163 और उससे संबंधित प्रविष्टि लुप्त कर दी जाऐगी ।

[सं० 56/एफ० सं० 163/1/69-डी०बी०के०]

वि० रा० सोनालकर, उप सचिव ।

---

**(Department of Revenue and** Insurance)

CUSTOMS

*New Delhi, the 25th July* 1970

**G.S.R. 1095.**—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 25 of the Customs Act, 1962 (52 of 1962), the Central Government, being satisfied that it is necessary in the public interest so to do, hereby exempts brass-silver and copper-silver profiles, falling under Item No. 61(4) of the First Schedule to the Indian Tariff Act, 1934 (32 of 1934), when imported into India for the manufacture of components of starters and switchgears, from so much of that portion of the duty of customs leviable thereon which is specified in the said First Schedule as is in excess of 60 per cent *ad valorem.*

[No. 69/F.No.5/8/69-Cus.I]

J. DATTA, Dy. Secy.

(राजस्व और बीमा विभाग)

सीमा शुल्क

नई दिल्ली, 25 जुलाई, 1970

सा० का० नि० 1095.—सीमा शल्क अधिनियम, 1962 (1962 का 52) की धारा 25 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार, यह समाधान हो जाने पर कि लोकहित में ऐसा करना आवश्यक है, भारतीय टैरिफ अधिनियम, 1934

(1934 का 32) की प्रथम अनुसूची की मद सं० 61(4) के अन्तर्गत आने वाली पीतल-चांदी और ताम्बा-चांदी प्रोफाइल्स को, उनके स्टार्टरों और स्विच गियरों के विनिर्माण के लिए भारत में आयात किए जाने पर, उन पर उद्ग्रहणीय सीमा शुल्क, जो उक्त प्रथम अनुसूची में विनिर्दिष्ट है, के उतने भाग से जो 60 प्रतिशत मूल्यानुसार में अधिक्य में है, एतद्द्वारा छूट देती है ।

[सं० 69/फा० सं० 5/8/69-सी० शु० 1]
जे० दत्त, उप सचिव ।

---

**(Department of Revenue and Insurance)**

CENTRAL EXCISES

*New Delhi, the 25th July 1970*

**G.S.R. 1096.**—In exercise of the powers conferred by sub-rule (1) of rule 8 of the Central Excise Rules, 1944, the Central Government hereby makes the following further amendments to the notification of the Government of India in the Ministry of Finance (Department of Revenue and Insurance) No. 161/66 Central Excises, dated the 8th October, 1966, namely:—

In the said notification,—

(a) for clause (i), the following clause shall be substituted, namely:—

"(i) the value arrived at after allowing a discount of 10 per cent on the price specified in the price list referred to in paragraph 8 of the Drugs (Prices Control) Order, 1970, issued under section 3 of the Essential Commodities Act, 1955 (10 of 1955), showing the prices at which the medicines are sold to a retailer (hereinafter referred to as the wholesale prices), or";

(b) in the first proviso, for the words "retail dealers", the word "retailers" shall be substituted.

[No. 147/70.]
K. L. REKHI, Under Secy.

**(राजस्व और बीमा विभाग)**

केन्द्रीय उत्पाद शुल्क

नई दिल्ली, 25 जुलाई, 1970

सा० का० नि० **1096.**—केन्द्रीय उत्पाद शुल्क नियम, 1944 के नियम 8 के उपनियम (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार, भारत सरकार के वित्त मंत्रालय (राजस्व और बीमा विभाग) की अधिसूचना सं० 161/66—केन्द्रीय उत्पाद शुल्क, तारीख 8 अक्तूबर, 1966 में एतद्द्वारा और आगे निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात् :—

उक्त अधिसूचना में—

(क) खण्ड (1) के स्थान पर निम्नलिखित खण्ड प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"(i) आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 (1955 का 10) की धारा 3 के अन्तर्गत जारी किए गए औषधि (कीमत नियंत्रण) आदेश, 1970

के पैरा 8 में निर्दिष्ट कीमत सूची में जिसमें वे कीमतें दर्शित हैं जिन पर फुटकर विक्रेता (इसमें इसके पश्चात् थोक कीमतों के रूप में निर्दिष्ट) को दवाइयां बेची जाती है, विनिर्दिष्ट कीमत पर 10 प्रतिशत छूट देने के बाद निकाला गया मूल्य या"

(ख) प्रथम परन्तुक में "फूटकर व्यवहारियों" शब्द के स्थान पर 'फुटकर विक्रेताओं' शब्द प्रतिस्थापित किये जाएंगे ?

[सं० 147/70]

के० एल० रेखी, अवर सचिव ।

---

**(Department of Revenue and Insurance)**

CENTRAL EXCISES

*New Delhi, the 25th July, 1970*

**G.S.R. 1097.**—In exercise of the powers conferred by sub-rule (1) of rule 68 of the Central Excise Rules, 1944 read with sub-section (3) of Section 3 of the Mineral Prdoucts (Additional Duties of Excises and Customs) Act, 1958 (27 of 1958) the Central Government hereby makes the following further amendment in the notification of the Government of India in the Ministry of Finance (Department of Revenue and Insurance), No. 276/67 Central Excises dated the 21st December, 1967, namely:—

In the said notification, in the proviso appearing at the end, for the letters and figures "Rs. 37.10", the letters and figures 'Rs. 98.50" shall be substituted.

[No. 148/70.]

P. R. KRISHNAN, Under Secy.

---

**(राजस्व और बीमा विभाग)**

केन्द्रीय उत्पाद शुल्क

नई दिल्ली, 25 जुलाई, 1970

**सा० का० नि० 1097.**—खनिज उत्पाद (अतिरिक्त उत्पाद् शुल्क और सीमा शुल्क) अधिनियम, 1958 (1958 का 27) की धारा 3 की उपधारा (3) के साथ पठित केन्द्रीय उत्पाद शुल्क नियम, 1944 के नियम 8 के उपनियम (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार, भारत सरकार के वित्त मंत्रालय (राजस्व और बीमा विभाग) की अधिसूचना संख्या 276/67-केन्द्रीय उत्पाद शल्क, तारीख 21 दिसम्बर, 1967, में एतद्द्वारा और आगे निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात् :—

उक्त अधिसूचना में, अन्त में आने वाले परन्तुक में "37.10 रु०" अक्षरों और अंकों के स्थान पर "98.50 रु०" अक्षर और अंक प्रतिस्थापित किए जाएंगे ।

[सं० 148/70]

पी० आर० कृष्णन, अवर सचिव ।

---

PRINTED BY THE GENERAL MANAGER, GOVERNMENT OF INDIA PRESS, MINTO ROAD, NEW DELHI AND PUBLISHED BY THE MANAGER OF PUBLICATIONS, DELHI, 1970